उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय बुधवार हेतु श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर ।

| अल्पसूचित प्रश्न संख्या | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | (क) क्या होमगार्ड्स मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मऊ में कितने होमगार्ड की आकस्मिक मृत्यु सेवाकाल के दौरान हुयी है ? | (क) जनपद मऊ में सेवाकाल के दौरान 32 होमगार्ड्स स्वयंसेवकों की मृत्यु हुयी है। |
| | (ख) मृतक होमगार्डों के कितने आश्रितों द्वारा मृतक आश्रित पद पर सेवायोजन के लिए आवेदन प्राप्त हुए है? | (ख) जनपद मऊ में सेवाकाल के दौरान 29 मृतक होमगार्ड स्वयंसेवकों के आश्रितों का मृतक आश्रित कोटे में होमगार्ड्स स्वयंसेवक के पद पर भर्ती हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। |
| | (ग) प्राप्त आवेदन पत्रों पर क्या कार्यवाही की गयी ? | (ग) (1)सेवाकाल के दौरान मृत हुये होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के 21 पात्र आश्रितों को मृतक आश्रित कोटे में होमगार्ड्स स्वयंसेवक के पद पर नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है।<br>(2) सेवाकाल के दौरान मृत हुये होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के 08 आश्रितों में से-<br>(i) 01 मृतक होमगार्ड आश्रित शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल रहे।<br>(ii) 03 मृतक होमगार्ड के आश्रितों की ऊँचाई निर्धारित मानक से कम है।<br>(iii) 02 मृतक होमगार्ड के आश्रितों की आयु निर्धारित न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम है।<br>(iv) 02 मृतक होमगार्ड के आश्रितों द्वारा शैक्षिक योग्यता पूर्ण किये जाने हेतु समय मांगा गया है। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | (घ) प्रश्न नहीं उठता। |
| | (ड़) उक्त पर कब तक कार्यवाही करा दी जायेगी ? | (ड़) उपरोक्तानुसार। |

धर्मवीर प्रजापति
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)